हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार,6 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री


12 बिना किसी डर के अपने मतदान का इस्तेमाल करें महिलाएं





12 छात्रों ने नशा न करने की ली शपथ




## खबर संक्षेप

### पानीपत में महिला की बालियां ठगी

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड निवासी निर्मला के साथ ठगी हो गई। एक महिला और दो युवकों ने निर्मला रास्ते में रोका। जहां उससे मदद मांगने के बहाने उसे बातों में उलझाया। इसके बाद उसके कानों की बालियां उतरवाकर बदमाश ले गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने निर्मला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैंटर की टक्कर से बच्चे की मौत

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी क्षेत्र के आईओसीएल चौक पर तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विजय निवासी गांव समसपुरा जिला कुरूक्षेत्र इसकी पत्नी सुमन व तीन साल का पुत्र हरमनप्रीत घायल हो गए। हादसे में हरमनप्रीत की मौत हो गई। जबकि सुमन व विजय का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### पुलिस ने लूट के चार आरोपी पकड़े

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने नारायणा गांव के नजदीक युवक से गन पॉइंट पर बाइक व मोबाइल फोन छीनने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिद पुत्र सोमिन, रितिक पुत्र अनिल, गुलफान पुत्र अदरिश निवासी दाहा बागपत व समीर पुत्र इमरान निवासी मांडी मुजफ्फर नगर यूपको समालखा नेस्ले रोड से गिरफ्तार किया।

### बिहार प्रवासी नशा तस्कर का दबोचा



**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेक्टर 13/17 दशहरा ग्राउंड में एक नशा तस्कर को 4 किलो 300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शत्रुधन दास पुत्र दशरथ निवासी सरया पहाड गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

# चैत्र नवरात्र में बन रहे पांच दिव्य राजयोग का महासंयोग

## घोड़े पर सवार होकर आएगी माता रानी

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र



पंडित रामराज कौशिक

- चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू, 17 को राम नवमी के साथ व्रत का समापन होगा

चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिप्रदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरूआत होती है। ऐसी मान्यता है जो भक्त इस व्रत को पूरी श्रद्धा भाव के साथ करता है, उसे शुभ फल की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के पवित्र नवरात्रि 9 से शुरू हो रहे हैं। इस दिन से लोग घर में विशेष घटस्थापना करते हैं और नवरात्रि की शुरूआत करते हैं। इस दिन कलश स्थापना या घटस्थापना का विशेष महत्व होता है। इस दौरान मां दुर्गा के व्रत रखें जाएंगे और उनकी अखंड ज्योत जलाई जाएगी। 16 अप्रैल, के दिन अष्टमी मनाई जाएगी, वहीं 17 को राम नवमी के साथ व्रत का समापन होगा। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि इस बार माँ घोड़े पर सवार होकर आ रही है। कहा जाता है कि घोड़े पर माता रानी का आगमन शुभ नहीं होता है इससे देश दुनिया में अशुभ परिणाम देखने को मिलेंगे। चैत्र नवरात्रि में अबकी बार 5 दिव्य राजयोग का महासंयोग बना हुआ है। नवरात्रि का आरंभ इस बार ऐसे संयोग में होगा जब गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश राज योग, बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग एक साथ बन रहे हैं। चैत्र नवरात्रि का आरंभ 9 अप्रैल से होगा। पांच राजयोग के अलावा सर्वार्थ सीद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का संयोग भी बना है। इन सभी शुभ संयोग के बीच नवरात्रि के 9 दिन मां भगवती की आराधना होगी और आपको धन लाभ के साथ कारोबार में भी मनचाही सफलता होगी।

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

कलश स्थापना का सामान्य मुहूर्त सुबह 6.05 से 10.16 बजे तक (4 घंटे 11 मिनट) है वहीं चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना का शुभ अभिजित मुहूर्त सुबह 11.57 बजे से दोपहर 12.47 बजे तक यानी 50 मिनट है।

### चैत्र नवरात्रि तिथियां

9 अप्रैल- मां शैलपुत्री की पूजा
10 अप्रैल- मां ब्रह्मचारिणी की पूजा
11 अप्रैल - मां चंद्रघंटा की पूजा
12 अप्रैल- मां कुष्माण्डा की पूजा
13 अप्रैल - मां स्कंदमाता की पूजा
14 अप्रैल - मां कात्यायनी की पूजा
15 अप्रैल - मां कालरात्री की पूजा
16 अप्रैल - मां महागौरी की पूजा, अष्टमी पूजन
17 अप्रैल- मां सिद्धिदात्री की पूजा, नवमी पूजन

# पुजारी हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने पुजारी की हत्या मामले की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या करने के दो आरोपियों अमन उर्फ बुधवार पुत्र जगबीर सिंह वासी सुनारिया कलां जिला रोहतक व दीपक कुमार उर्फ छोटू पुत्र नन्द लाल दिगम्बर जैन मंदिर ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र हॉल वासी गणेश कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि थाना केयूके में दिए अपने बयान में दान सिहं उर्फ दीनेश पुत्र जीत सिहं वासी सल्ली जिला चम्पावत उतराखण्ड ने बताया कि वह पिछले 4 सालो से यहां दिगम्बर जैन मन्दिर धर्मशाला कुरुक्षेत्र मे अपने परिवार सहित बतौर चौकीदार का काम करता है। इसी मन्दिर मे पुजारी का काम पंडित हुकम चन्द जैन करता है जो इसी मन्दिर मे बनी धर्मशाला मे उसके साथ रहता था। 2 अप्रैल की रात्रि को वह अपने परिवार के साथ अलग कमरे मे व पुजारी हुकम चन्द अपने अलग कमरे मे सो गए थे। जब वह सुबह करीब 4 बजे उठा और पुजारी हुकम चन्द के कमरे मे गया तो देखा कि हुकम चन्द मृत अवस्था मे अपने तख्त पर पडा था। मामले की गहनता से जांच करते हुए पुलिस टीम ने पुजारी की हत्या करने के आरोप में अमन उर्फ बुधवार पुत्र जगबीर सिंह वासी सुनारिया कलां जिला रोहतक व दीपक कुमार उर्फ छोटू पुत्र नन्द लाल दिगम्बर जैन मंदिर ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र हॉल वासी गणेश कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

# कश्यप जयंती मनाकर लौट रहे एक गांव के तीन किशोरों की हादसे में मौत

## प्रतापनगर-बिलासपुर मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- कुटीपुर गांव के ही तीन अन्य किशोर घायल
- एक की हालत गंभीर

जिले के प्रतापनगर-बिलासपुर मार्ग पर सड़क हादसे में कुटीपुर निवासी तीन किशोरों की मौत हो गई। गांव के ही तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर यमुनानगर रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने कार व दोनों बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एक ही गांव के तीन युवकों की मौत से गांव में मातम पसर गया। सभी मृतक व घायल बाइकों पर कपालमोचन में आयोजित महर्षि कश्यप जयंती मनाने के बाद वापस घर लौट रहे थे।

कुटीपुर निवासी छह युवक दो बाइक पर सवार होकर बिलासपुर में आयोजित कश्यप जयंती में भाग लेकर वापस घर लौट रहे थे। गांव तिहमों के समीप तेज रफ्तार स्वफ्टि कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार सभी युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई। दुर्घटना के बाद सीएचसी प्रताप नगर की मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया। एंबुलेंस से घायलों को सी एचसी प्रताप नगर लाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने 16 वर्षीय रोहित व 17 वर्षीय मोहित को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय, अर्श, शिवम व प्रिंस को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। ट्रामा सेंटर पहुंचते ही 15 वर्षीय विजय की भी मौत हो गई। दुर्घटना में शामिल कार व दोनों बाईक को कब्जे में ले लिया

दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रताप नगर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया है। दुर्घटना में शामिल कार व दोनों बाईक को कब्जे में ले लिया है। तीन युवकों की मौत के बाद कश्यप जयंती की खुशियों की बजाय गांव कुटीपुर में मातम पसरा हुआ है।



यमुनानगर में सड़क हादसे में मौत का शिकार हुए नाबालिगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### बस टायर के नीचे आने से बच्ची की मौत



बच्ची का फाइल फोटो

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर स्थित शिवालिक हाई स्कूल के बस ड्राइवर की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बस ड्राइवर ने छोटे बच्चों को नीचे उतार कर बैक गियर लगा दिया। जिससे तीन बच्चे बस के नीचे आ गए। जिसमें से दो बच्चों को एक महिला ने खींच लिया जबकि एक बच्ची टायर के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टिब्बी अराइयां निवासी जीराम ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अपने दो बच्चों साढ़े तीन वर्षीय बेटी मिस्टी व 5 वर्षीय बेटे लविश का दाखिला प्रताप नगर स्थित शिवालिक स्कूल में करवाया था। पहली अप्रैल से बच्चे स्कूल जाने शुरू हुए थे। आज शाम को स्कूल की बस आई। जिसमें परिचालक नहीं था, केवल चालक था। उसने छोटे बच्चों को सड़क पर ही उतार दिया और बैक गियर लगा दिया। जिससे तीन बच्चे बस के नीचे आ गए। मौका पर खड़ी उनकी पत्नी ने दो बच्चों को खींच लिया जबकि उनकी बेटी मिस्टी टायर के नीचे आ गई।

# हत्या के बाद श्मशान घाट में दफनाए बच्चे का निकाला शव, पैनल से कराया पोस्टमार्टम

## गला रेतकर एक माह के बच्चे की हत्या करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- बच्चे के गले पर मिले काटने के निशान

यमुनानगर की शिवपुरी बी कॉलोनी में नवजात की गला रेतकर हत्या करने के बाद में ससौली के श्मशान घाट में दफनाए शव को शुक्रवार सुबह निकाला गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डा. विजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने करीब एक घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान गड्ढे को खोदकर बच्चे के शव को बाहर निकाला। इसके बाद तीन डॉक्टरों के पैनल से उसका पोस्टमार्टम कराया गया। इस पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गई। प्राथमिक जांच में बच्चे के गले पर तेजधार हथियार से काटने के निशान मिले हैं। जिससे उसकी गला रेतकर हत्या करने की पुष्टि हुई है। लेकिन उसकी हत्या किसने की यह अभी संदिग्ध है। हालांकि गांधी नगर पुलिस ने बच्चे के पिता की शिकायत पर उसकी मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया हुआ है। लेकिन पुलिस हत्यारोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया है।

शिवपुरी बी निवासी सुमित की शिकायत पर वीरवार को उसकी पत्नी पर बच्चे की हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया था। तब सुमित ने बताया था कि बच्चे की मौत के बाद शव को ससौली श्मशान घाट में दफना दिया था। इसके बाद गांधी नगर थाना प्रभारी महरूफ अली ने उपायुक्त को बच्चे के शव को श्मशान घाट से निकलवाने के लिए ड्यूटी मिजिस्ट्रेट को नियुक्त करने के लिए पत्र लिखा था। डीसी के आदेश पर बच्चे के शव को निकलवाने के लिए डा. विजय कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डॉ. विजय कुमार के साथ डा. जिग्रेश, डा. सचिन शर्मा व एफएसएल के डॉक्टर चंद्रशेखर शुक्रवार सुबह पुलिस बल के साथ ससौली श्मशान घाट पहुंचे। पुलिस की तरफ से डीएसपी राजेश कुमार व गांधी नगर थाना प्रभारी महरूफ अली अपनी टीम के साथ पहुंचे। करीब साढ़े नौ बजे बच्चे के शव को निकालने के लिए गढ्डे की खुदाई शुरू की गई। करीब एक घंटे तक पुलिस कार्रवाई चली। इसके बाद शव को सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों के पैनल से उसका पोस्टमार्टम करवाया गया है।

### ये है मामला

शिवपुरी बी निवासी सुमित की पांच वर्ष पहले अधोई निवासी कोमल से शादी हुई थी। इस शादी से उनके पास दो वर्ष का बेटा है। पत्नी दूसरी बार गर्भवती हुई। आठ माह बाद उसे प्रसव पीड़ा होने लगी थी। जिस परउसने पत्नी को सिविल अस्पताल यमुनानगर में दाखिल कराया। जहां उसने दो मार्च को बच्चे को जन्म दिया था। 24 मार्च को अस्पताल से उन्हें छुट्टी मिल गई। इसके बाद से पत्नी व बच्चा दोनों घर पर ही एक कमरे में थे। दो अप्रैल की सुबह वह उठा तो बच्चा कमरे में मृत मिला था। दो अप्रैल को उसके बच्चे को गला रेतकर मारा गया। पत्नी ने ही बच्चे के गुम होने का झूठा शोर मचा दिया। जब तलाश की तो बच्चे का शव कपड़ों में लिपटा मिला। वहीं पत्नी का आरोप है कि उसका पति नशे का आदी है। वह अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। रात को वह सोई हुई थी। सुबह जब आंख खुली तो वह कमरे में पहुंची। जहां उसका बच्चा नहीं था। इधर उधर देखा तो बच्चे का शव कपड़ों में लिपटा हुआ था। उसके पति व ससुराल वालों ने आनन फानन में बच्चे के शव को दफना दिया था। वीरवार को बच्चे के पिता सुमित ने गांधी नगर थाना पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें उसने कोमल पर हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद मामले में बच्चे की मां कोमल पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने दी रिमांड के दौरान यातनाएं, मां की फरियाद पर चिकित्सकों ने की मेडिकल जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अदालत में याचिका दायर कर मां ने सीआईए पर बेटे को थर्ड डिग्री देने का लगाया था आरोप, मेडिकल जांच के दौरान वीडियोग्राफी करवाने की भी लगाई गुहार

सीआईए ने रिमांड के दौरान युवा किसान व वाटर कैनन ब्वॉय के नाम से मशहूर नवदीप सिंह जलबेहड़ा को थर्ड डिग्री इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। नवदीप की मां नरेंद्र कौर ने सीआईए पर उसके बेटे को खूब यातनाएं देने के साथ ही कई आरोप लगाए हैं। अदालत में एक याचिका दायर कर तुरंत उसकी बेटे की मेडिकल जांच की मांग की है।

अदालत ने याचिका पर संज्ञान लेते हुए अंबाला सेंट्रल जेल के अधीक्षक और जिला सिविल सर्जन को तुरंत नवदीप जलबेहड़ा का मेडिकल कराने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश के बाद नवदीप जलबेहड़ा का डॉक्टरों के पैनल द्वारा मेडिकल कराया गया। इससे पहले परिजनों ने अंबाला पुलिस पर नवदीप को अवैध हिरासत में रखने के आरोप लगाए थे। एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि कोर्ट ने तुरंत नवदीप का मेडिकल कराने के आदेश दिए हैं।

### मोहाली एयरपोर्ट से 28 मार्च को गिरफ्तार किया था

बता दें कि सीआईए वन की टीम ने युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा व उसके साथी को मोहाली एयरपोर्ट से 28 मार्च को गिरफ्तार किया था। 29 मार्च को कोर्ट में पेश किया था। यहां हत्या के प्रयास के एक केस में पुलिस ने रिकवरी के लिए नवदीप को तीन दिन के रिमांड पर लिया था। इस दौरान नवदीप की मां ने पुलिस पर थर्ड डिग्री दिए जाने के आरोप लगाए।

### 12 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने 12 वर्षीय लड़की को रास्ते में रोककर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 मार्च को शाम सात बजे उसकी 12 वर्षीय लड़की गांव में ही किसी काम से जा रही थी। रास्ते में गांव के ही यमराज ने उसकी लड़की को रोक लिया और उसके साथ जबरदस्ती गलत काम करने का प्रयास किया। उसकी लड़की के शोर मचाने पर आरोपी युवक वहां से भाग गया। उसकी लड़की ने घर आकर उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# रूई कारखाने में आग से लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

पानीपत के गांव डाहर स्थित रूई के कारखाने में आग लग गई। कई घंटों की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव डाहर में राधे कृष्णा एंटरप्राइजिज में आग लग गई। जिसकी सूचना कारखाने के मालिक अतुल गुप्ता ने सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना के बाद तीन फायर बिग्रेड की तीन गाडियों मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्त के बादआग पर काबू पाया गया। आगजनी की इस घटना में मशीन, तैयार माल व कच्च माल जलकर राख हो गया। अतुल गुप्ता के अनुसार इससे उनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं डायल 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। वही दमकल अधिकारी कारखाने में आग लगने के कारणों व आगजनी से हुए नुकसान की जांच कर रहे है।



**पानीपत।** आग में जला रूई का कारखाना। फोटो : हरिभूमि

### अचानक झुग्गी-झोपडि़यों में लगी आग, हादसा टला

**करनाल।** सेक्टर 32-33 के नजदीक खाली मैदान बनी झुग्गी झोपडि़यों में शाम के समय अचानक आग लग गई, जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। आग की सूचना तुरंत ही दमकल को दी गई। गनीमत है कि जिस वक्त झुग्गी झोपडि़यों में आग लगी, उस वक्त इनमें रहने वाले अपने-अपने कामों से बाहर गए हुए थे। मिली जानकारी अनुसार सेक्टर 32-33 के नजदीक खाली मैदान बनी झुग्गी झोपडि़यों में अचानक आग लग गई, फिलहाल के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई हैं।

## विडंबना

## सड़कों पर बैठे रहते मवेशी, हादसों का बना रहता अंदेशा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# लावारिस पशुओं का आतंक, शहर के लोगों के लिए बने सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

- लावारिस पशुओं से शहर में कई बार हो चुके हादसे

शहर के प्रत्येक रास्ते पर, गली और मोहल्लों में फिलहाल आवारा पशुओं के झुंड नजर आ रहे हैं। बीच रास्ते पर खड़े पशुओं से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है यही समस्या गली और मोहल्लों में आ रही है। पशु लोगों के लिए सिरदर्द हो रहे हैं। क्या नगर पालिका प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं है या किसी की नींद खुलेगी ऐसे कई सवाल शहर के लोगो द्वार किए जा रहे हैं। आवारा पशुओं द्वारा शहर मे कई हादसे हो चुके है। शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती सख्यां लोगों के लिये सिरदर्द और जान का खतरा बन रही है। मेन रोड ही नहीं बल्कि हर गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। स्थिति यह है कि शहर में आवारा बैल और सांड बीच सडक़ पर बैठे रहते है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। कई बार दुपहिया वाहन चालक पशुओं को बचने के चक्कर में फिसल जाते है, जिससे वह चोटिल हो जाते हैं। लेकिन जिम्मेदार प्रशासन इस और नहीं दे रहे हैं, जिससे शहर के लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। ऐसे में कभी किसी के साथ हादसा हुआ तो फिर इस के लिए जिम्मेदार कौन ऐसा सवाल शहर की जनता उपस्थित कर रही है। तरावड़ी में आवारा पशुओं में सबसे ज्यादा खतरनाक और सिरदर्द सांड होते है। सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं।

सब्जी मंडी में भी आवारा पशुओं से व्यवसायी और बाजार में आने वाले ग्राहक परेशान हो रहे है। इसी प्रकार गली मोहल्लों में भी आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर हमला करे तो उनसे बचना मुश्किल है शहर में बढ़ते आवारा पशु लोगों को जान के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा।

आवारा पशुओं को पकडकऱ गोशाला, जंगल मे छोडऩे की जिम्मेदारी नगर पालिका की है लेकिन न पालिका को लापरवाही से शहर में आवारा जानवर दिन में दिन बढ़ रहे हैं। जिससे शहर के लोगों में असंतोष किया जा रहा है।



नगरपालिका रोड़ पर सड़क के बीचो बीच खड़े आवारा पशु। फोटो : हरिभूमि

### अचानक हो सकता है हमला

सडक़ और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। मेन सडक़, गली मोहल्लों में आवारा पशुओं का रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अचानक हमला कर सकते हैं। वार्ड न तीन मे कुछ दिन पहले एक बुजुर्ग को सांड ने हमला करके घायल कर दिया। उस बुजुर्ग की कुल्हे मे फैक्चर आ गया। अब उठने से भी लाचार है। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि हमारे कर्मचारी आवारा पशुओं का पकड़ कर शहर से बाहर आते है। जितने पशु पकड़ कर बाहर छोडते है। उससे अधिक आसपास के ग्रामीण लोग पशुओं को शहर मे छोड़ जाते है।

### डॉक्टर से फिरौती मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने डॉक्टर से फिरौती मांगने के आरोपी नितिन पुत्र वजीर सिंह वासी भागल जिला कैथल हॉल वासी सारसा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 31 मार्च 2024 को सेक्टर-5 वासी डॉ. आकाश ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका कंडा चौक कुरूक्षेत्र के पास इमेजिग एंड डाईगनोस्टिक सेंटर है। 30 मार्च 2024 को समय बाद उसी नंबर से ही व्हट्सएप कॉल आई और उसने नंबर पर व्हट्सएप दो वाईस मैसेज सेन्ड किए जिसमे उसने धमकी दी कि डा. साहब को कह देना कि या तो पचास लाख दो नहीं तो जान से मार देगें। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई। टीम ने आरोपी नितिन पुत्र वजीर सिंह वासी भागल जिला कैथल हॉल वासी सारसा कुरुक्षेत्र गिरफ्तार कर लिया।

# पानीपत में निजी अस्पताल में जच्चा व बच्चा की मौत

## डॉक्टर्स पर लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- पुलिस ने जांच शुरू की

पानीपत के भावना चौक क्षेत्र में स्थित प्रीत नर्सिंग होम में जच्चा जसविंद्र पत्नी गुरमीत सिंह निवासी विष्णु कालोनी, तहसील कैंप क्षेत्र की व जन्मे बच्चे की मौत हो गई। जसविंद्र छह माह की गर्भवती थी और उसे अचानक ब्लीडिंग हो गई। खून बहने से जसविंद्र की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे प्रीत नर्सिंग होम में भर्ती करवाया। वही, प्री-मैच्योर डिलिवरी के दौरान जसविंद्र की मौत हो गई।

इधर, पत्नी व बच्चे की मौत के बाद पति गुरमीत सिंह व इसके परिजनों ने नर्सिंग होम के डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। प्रीत नर्सिंग होम में हंगामा होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने जसविंद्र के शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल के भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जसविंद्र अपने पीछे सात साल की बेटी हरसीरत व पांच साल का बेटा तरूण छोड गई है। इधर, पति गुरमीत सिंह का आरोप लगाया कि जसविंद्र के उपचार के प्रति प्रीत नर्सिंग होम के डॉक्टर शुरू से ही लापरवा रहे। नर्सिंग होम में संसाधन नहीं होने के बावजूद भी जसविंद्र को भर्ती किया गया और डॉक्टर्स की लापरवाही के कारण की जसविंद्र व बच्चे की मौत हो हुई।

## खबर संक्षेप

### डा. अंबेडकर के संविधान को टूटने नहीं देंगे

**करनाल।** शुक्रवार को कांग्रेस के करनाल विधानसभा प्रभारी प्रदीप मान ने सदर बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता गुरु रविदास सभा के प्रधान रोहित जोशी ने की। इस मौके पर प्रदीप मान ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में किए गए वादों से जनता को अवगत करवाएं और घर-घर जाकर वोट की अपील करें।

### 19 वां सामूहिक विवाह महोत्सव 7 अप्रैल को

**घरौंडा।** विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से 19 वां सामूहिक विवाह महोत्सव 7 अप्रैल को किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन एसडी मंदिर में किया जाएगा। मंडल के प्रधान हरबंस लाल चुघ ने बताया कि मंडल हर वर्ष पांच कन्याओ का सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन करता है। जिसके चलते मंडल सात अप्रैल को पांच कन्याओ का सामूहिक विवाह महोत्सव करवाया रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक मंडल 144 कन्या ओ का कन्याओ का विवाह करवा चूका है।

### भागवत में प्रवचन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धांलु

**घरौंडा।** आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने बाले पंच गीत भागवत के पंच पुराण है।जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव से पार हो जाता है। आचार्य मणि प्रसाद गौतम शुक्रवार को मान सरोवर में चल रही श्री भागवत कथा में श्रदांलूओ को प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वृंदावन की भक्ति सहज में ही प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि महारास का मतलब हैकि अनेकानेक आत्माए परमात्मा से मिलती है। उसी को हम महारास बोलते हैं।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**करनाल।** करनाल की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर विधिविधान से पूजा अर्चना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। इस मौके पर प्रमुख सेवादार देसराज गुप्ता ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है और हर एकादशी का व्रत विधि-विधान से करने पर इसका फल भी जरूर मिलता है।

### नि:शुल्क कर्ज मुक्त भारत अभियान को दिया समर्थन

**करनाल।** निः शुल्क कर्ज मुक्त भारत अभियान टीम द्वारा मानव सेवा संघ करनाल में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक भारतीय, प्रदेश प्रभारी मुकेश सिरोही भारतीय व सोनीपत लोकसभा प्रभारी अनिल गर्ग भारतीय ने कर्ज से पीड़ित उपस्थित लोगों को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक भारतीय ने बताया कि देश में नोट बंदी, जीएसटी वी व लॉक डाउन के कारण देश में अनेक लोगों के की दुकानें व फैक्ट्रियां बंद हो गई।

## आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा ने ली चुनाव को लेकर बैठक

# अवैध शराब की नहीं हो तस्करी, नाकों पर रखें कड़ी नजर: अशोक कुमार

### लोकसभा चुनाव का प्रचार-प्रसार तेज होते ही प्रशासन भी हुआ अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा के आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव की प्रक्रिया से जुड़े जिला अधिकारियों की बैठक ली और अवैध शराब के प्रवाह को पूरी तरह से रोकने संबंधी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, आबकारी विभाग व जीएसटी विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्यवाही करें तथा पंजाब व चंडीगढ़ से होने वाली अवैध शराब की गतिविधि पर कड़ी नजर रखें और इसे अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। आयुक्त ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 होने जा रहा है जिसके तहत हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा तथा आगामी 6 जून तक आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहेगी। चुनावी प्रक्रिया के दौरान अवैध शराब को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह सतर्क है। ऐसे में सभी अधिकारी भी अपनी ड्यूटी भी पूरी सजगता के साथ निभाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला करनाल में आबकारी विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ मिलकर गश्त करें तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। कहीं भी अवैध शराब बरामद होती है तो संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शराब की गाडियों की गहनता से चैकिंग करें, अगर कहीं पर भी कोई कमी पाई जाती है तो तुरंत गाड़ी को सीज करें और इसकी रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं डीईटीसी विभाग की टीमों के लगातार संपर्क में रहें और व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सूचनाएं साझा करें। विभागों की टीमें लगातार नाकों व लिंक रोड पर निगरानी रखें और आपसी समन्वय स्थापित करते हुए काम करें। उपायुक्त ने लोगों से भी अपील की कि अगर उन्हें कहीं भी अवैध शराब के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे पुलिस विभाग या आबकारी विभाग को सूचित करें। इसी तरह अगर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब व अन्य नशीला पदार्थ तथा अन्य कोई प्रलोभन की वस्तु बांटी जा रही है तो इसकी भी सूचना तुरंत दी जाए। उन्होंने कहा कि लोग इसकी रिपोर्ट सी-विजिल एप के जरिए कर सकते हैं। सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित करके चुनाव से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री न0 1950 जारी किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा तथा चुनाव आयोग की हिदायतों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं एआरओ नीलोखेड़ी अखिल पिलानी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं चुनाव प्रक्रिया के नोडल अधिकारी विवेक चौधरी, एआरओ करनाल अनुभव मेहता, एआरओ असंध विरेंद्र ढुल, एआरओ इंद्री अशोक कुमार, एआरओ घरौंडा राजेश सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश शुभम, डीएसपी गुरमेल सिंह, डीईटीसी नीरज सिंह व डीईटीसी इंस्पेक्शन जितेंद्र राघव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### किसी को नाजायज न करें परेशान

इस अवसर पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा सभी टीमों को प्रशिक्षण भी दिलवाया जा चुका है ताकि उन्हें चुनाव के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने एआरओ तथा संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे उत्तर प्रदेश से लगती सीमा पर बनाए गए नाकों पर विशेष निगरानी रखें। इसके अलावा साथ लगते गांवों के सरपंच, पंच, ग्राम सचिव व नंबरदार से भी लगातार संपर्क बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी लें तथा सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान नाजायज तौर पर किसी भी व्यक्ति को परेशान न किया जाए तथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए।



# देशभर मे लगातार बढ रहा है भाजपा का ग्राफ

- लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता मनोहर लाल बनकर करेंगे काम-सुरेंद्र नागर
- जिला कार्यालय करण कमल मे लोकसभा चुनावों को लेकर चुनाव प्रबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

बीजेपी ने देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने तीन कलस्टर बनाए गए हैं. इसके लिए तीन प्रभारी नियुक्त किए हैं। भाजपा ने जी टी रोड बेल्ट की चार सीटों अम्बाला, कुरुक्षेत्र, करनाल एवं सोनीपत कल्सटर का प्रभार राज्य सभा सांसद कृष्ण पंवार को दिया है। लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय कर्ण कमल मे बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल, कलस्टर इंजार्च कृष्ण पंवार, लोकसभा चुनाव प्रभारी घनश्यामदास अरोडा, लोकसभा चुनाव सह-प्रभारी सुरेन्द्र नागर, लोकसभा चुनाव संयोजक हरवन्द्रि कल्याण, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, लोकसभा सांसद करनाल संजय भाटिया,जिला अध्यक्ष करनाल योगेन्द्र राणा, जिला अध्यक्ष पानीपत दुष्यंत भट्ट, विधायक पानीपत शहर प्रमोद विज, विधायक पानीपत ग्रामीण महिपाल ढांडा, जिला प्रभारी पानीपत उमेश शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में करनाल लोकसभा प्रभारी विधायक हरविंदर कल्याण ने सभी का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि हम सभी आपके मार्गदर्शन से लाभ देते हुए इस काम को पूरा करेंगे। इस मौके पर पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता,जिला प्रभारी करनाल भारत भूषण जुयाल,मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला चैयरमैन अन्य पिछडा वर्ग कल्याण बोर्ड नर्मिला बैरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष जग मोहन आनंद, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, प्रौफेसर विरेंद्र चौहान, पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार,ईश कुमार राणा, सहित सभी चुनाव प्रबंधन कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# नागरिकों की सुविधा को लगाया शिविर

- 50 नागरिकों का मौके पर ही किया समाधान: उप निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



नगर निगम की ओर से शुक्रवार को शहर के सैक्टर-7 स्थित सामुदायिक केन्द्र में नागरिकों की सुविधा के लिए लगाया गया प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित शिविर सफल रहा। शिविर में कुल 50 लोग आए। सभी व्यक्तियों की प्रॉपर्टी आई.डी. में आ रही त्रुटियों को मौके पर ही दुरूस्त किया गया तथा साथ ही आई.डी. को स्व-प्रमाणित भी किया गया। उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि आज के शिविर में जो लोग आए थे, वह सभी संतुष्ट होकर गए हैं। इस दौरान उनकी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित किया गया। इसके अतिरिक्त अगर किसी की आई.डी. में प्लॉट एरिया को लेकर कॉरेक्शन की जरूरत थी, तो किसी का नाम, पता, सम्पर्क नम्बर व प्रॉपर्टी लिंक कॉरैक्शन किया जाना था, जो ठीक कर दिए गए। उन्होंने बताया कि नगर निगम के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर और कर अधीक्षक गगनदीप सिंह ने शिविर में लोगों की त्रुटियां दूर की। क्रमवार सबके डॉक्यूमेंट देखकर त्रुटियां ठीक की गई। उन्होंने बताया कि शिविर में आए कई नागरिकों को ऑब्जैक्शन कैसे डाला जाता है, इसकी जानकारी भी दी गई और बताया गया कि किस ऑब्जैक्शन में किस-किस दस्तावेज की जरूरत होती है। नागरिकों को इस बात के लिए मोटीवेट किया गया कि ऑब्जैक्शन में पूर्ण डॉक्यूमेंट अपलोड करेंगे, तो उसका जल्द समाधान भी सम्भव होगा।

### इंद्रजीत नवजोत होंगे बसपा के उम्मीदवार

**करनाल।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों में से करनाल लोकसभा से पहला प्रत्याशी घोषित किया। करनाल के सैक्टर 16 स्थित अम्बेडकर भवन में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में बसपा के हरियाणा पंजाब चंडीगढ़ के प्रभारी रणधीर बेनीवाल बसपा प्रदेश व लोकसभा एवं जिला पदाधिकारियों के बीच बसपा नेताओं ने बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव इंद्रजीत नवजोत जलमाना को करनाल लोकसभा सीट से उम्मीदवार के रूप में घोषणा की है। इस अवसर पर बसपा के प्रभारी रणधीर बेनीवाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन कुमारी मायावती के आशीर्वाद से करनाल लोकसभा का प्रत्यासी घोषित किया है।

# मांगें न मानने पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा



कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान डॉ सुखबीर संधू ने कहा कि हरियाणा प्रदेश मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों की सरकार से व्यपारियों की मांगो को लेकर बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सरकार व्यापारियों की मांगो को मान लेगी। अगर सरकार उनकी मांगो को नहीं मानती तों 15 मई के बाद जिला स्तर पर व्यापारियों की रैली होंगी। एसोसिएशन के प्रधान शुक्रवार को नई अनाज मंडी में अपनी मांगो को लेकर चल रहे सांकेतिक धरने पर पांचवे दिन व्यापारियों को सम्बोधित कर रहे थे। व्यापारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने स्थल पर व्यापारियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीजेपी सरकार आसानी से मानने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने किसानों की मांगो को भी डेढ़ साल में मानी थी, इसलिए व्यापारियों ने अपनी मांगो को लेकर आवाज़ को बुलंद करना होगा। प्रधान सुखबीर संधू ने कहा कि आढ़तीयों की मुख्य मांग है कि बहुत वर्षों से उनकी आढ़त ढाई प्रतिशत है और वह आढ़त सभी फसलों पर पूरी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार मंडियो में बहुत वर्षों के बाद आढ़त बढ़ाने के बजाय सरकार आढ़त कम करने जा रही है, जोकि व्यापारियों के साथ अनन्या किया जा रहा है। व्यापारियों ने चेताया कि अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तों आंदोलन की आगामी रुपरेखा तैयार कर प्रदर्शन और आगे बढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर सुभाष काजल, कपिल गुप्ता, अजय बंसल, पवन गुप्ता, रमेश कंसल, धीरज भाटिया आदि रहे।



## माता मनसा देवी मंदिर इंद्री मे नवरात्रों को लेकर तैयारियां शुरू

**इंद्री।** माता मनसा देवी मंदिर इंद्री में आने वाले चैत्र नवरात्र धूमधाम से मनाए जाएंगे इसके लिए मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। माता के मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर सुधार सभा इंद्री के प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि हिंदू धर्म में नवरात्रि उत्सव व दुर्गा पाठ का विशेष महत्व है। पूरे देश में यह उत्सव शुरू हो रहा है। उन्होने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रे माता मनसा देवी मंदिर इंद्री में धूमधाम से मनाए जाएगें। यह पर्व 9 अप्रैल से शुरू होकर 16 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रों में हर रोज सुबह माता का पूजन किया जाता है व शाम को आरती व प्रसाद वितरण किया जाता है। वही 11 अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक करनाल से आए कलाकार मनमोहक झांकियां के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने कहा कि अष्टमी के दिन मंदिर मे हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नवरात्रों मे क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर माता के मंदिर में मत्था टेककर अपनी मनोकामना पूरी होने की मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर माता के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# मंच से निखरती है बच्चों की प्रतिभा

- बच्चों को उचित मंच प्रदान करना अध्यापकों का मूल कार्य स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री




**इंद्री।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल नन्हेड़ा वार्षिक समारोह मे सम्मानित बच्चों के साथ अध्यापक। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल नन्हेड़ा का वार्षिक समारोह मास्टर धर्मराज आर्य की अध्यक्षता तथा मास्टर उधम सिंह कांबोज की देखरेख में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी एवं विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों, अभिभावकों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए स्कूल मुखिया महेंद्र खेडा ने कहा कि बच्चों में कुदरत द्वारा प्रदत प्रतिभा को निखार कर उसे उचित मंच प्रदान करना अध्यापकों का मूल कार्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यापक को ठोस व कारगर योजना बना कर काम करना चाहिए। मास्टर धर्मराज ने कहा कि उन्हें सदैव बच्चों के खिलते हुए चेहरे पसंद है, इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद भी हर रोज बच्चों से मिलने के लिए स्कूल आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि वह बच्चों को हर प्रकार की मदद देने के लिए प्रयासरत रहते हैं इस मौके पर मुख्याध्यापिका जसविंदर कौर, पवन दत्ताना,संजीव कुमार, सुनील कुमार, राजीव शर्मा,पूजा सैन, सुधा कांबोज,प्रियंका कांबोज, उमा पांचाल व नीतू सिंह उपस्थित रहे।

# फिल्म ए ब्यूटीफुल माइंड की प्रस्तुति दी



**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा फिल्म ए ब्यूटीफुल माइंड की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की संयोजिका डा. श्वेता धवन ने महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा को हरियाली का प्रतीक पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. मंजू शर्मा तथा डा. सुषमा ठाकुर भी शामिल रहीं। यह फिल्म प्रोफेसर जॉन नैश की जीवनी पर आधारित है जो अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता तथा गणितज्ञ हैं। जॉन नैश अदभुत प्रतिभा के धनी होने के बावजूद खुद को एक विकार से पीड़ित पाते हैं। अंततः वह अपने संघर्षों पर काबू पाते हैं तथा विकार से मुक्त होते हैं। कार्यक्रम में गणित विभाग की बीएससी तथा एमएससी की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान रहेगा जारी: धीरज

# आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू

- सैक्टर 4 व 5 के अलग-अलग हिस्सों से 5 नंदी व 1 गाय को पकड़कर फूसगढ़ स्थित गोशाला व नंदीशाला भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



**करनाल।** पीएम शहर में भटकते आवारा पशु को पकड़ती नगर निगम की टीम।

नगर निगम करनाल द्वारा शहर की सडक़ों पर भटकते आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान समय-समय पर चलाता जाता है। इसी कड़ी में एक बार फिर अभियान शुरू किया गया है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जोन नम्बर 1 से आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान सफाई निरीक्षक एवं जोन इंचार्ज ऊषा रानी के नेतृत्व में शुरू किया गया। इसके तहत अशोक विहार तथा सैक्टर 4 व 5 के अलग-अलग हिस्सों से 5 नंदी व 1 गाय को पकडक़र फूसगढ़ स्थित गौशाला व नंदीशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि सडक़ों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए समय-समय पर ऐसे पशुओं को पकडऩे का अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि सडक़ों व गलियों में भटकती गाय व नंदियों को पकडक़र फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा जाता है। वहां उन्हें समय पर चारा इत्यादि दिया जाता है। सुबह व सांय, दोनो समय घूमने-फिरने के लिए उनके परिसर में ही मौजूद खाली जगह पर खुले में छोड़ा जाता है। सभी की अच्छे से स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है, इसके लिए पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर की गौशाला में केयर टेकर के रूप में नियुक्ति की हुई है।

### पशुपालकों से शहर में पशु न छोड़ने की अपील

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने डेयरी संचालकों व नागरिकों से अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सडक़ों पर आवारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकडऩे का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, इसके लिए सभी जोन इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं।

# आवारा पशु लोगों के लिए बने सिरदर्द

- बीच रास्ते मे बैठे पशु लोगों के लिये बनी भारी समस्या
- आवारा पशुओं द्वारा शहर मे कई हादसे हो चुके है

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



शहर के प्रत्येक रास्ते पर, गली और मोहल्लों में फिलहाल आवारा पशुओं के झुंड नजर आ रहे हैं। बीच रास्ते पर खड़े पशुओं से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है यही समस्या गली और मोहल्लों में आ रही है। पशु लोगों के लिए सिरदर्द हो रहे हैं। क्या नगर पालिका प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं है या किसी की नींद खुलेगी ऐसे कई सवाल शहर के लोगो द्वारा किए जा रहे हैं। आवारा पशुओं द्वारा शहर मे कई हादसे हो चुके है। शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती सख्यां लोगों के लिये सिरदर्द और जान का खतरा बन रही है। मेन रोड ही नहीं बल्कि हर गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है।

### लगाया आरोप

नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि कर्मचारी आवारा पशुओं को पकड़ कर शहर से बाहर छोड़ आते है। जितने पशु पकड़ कर बाहर छोडते है। उससे अधिक आसपास के ग्रामीण पशुओं को शहर मे छोड़ जाते है।

### हो सकता है हमला

सडक़ और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। मेन सडक़, गली मोहल्लों में आवारा पशुओं का रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अचानक हमला कर सकते हैं। वार्ड न तीन मे कुछ दिन पहले एक बुर्जुग को सांड ने हमला करके घायल कर दिया।

## खबर संक्षेप

### चोरी का धागा खरीदने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने उग्राखेड़ी गांव में गोदाम से धागा के चोरी किए 27 बोरे खरीदने वाले आरोपी को नई सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहम्मद कपिल निवासी सुरमाकिशनपुर सरसा बिहार हाल शास्त्री कॉलोनी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि थाना चांदनी बाग में मोहित पुत्र रामनिवास हुडा सेक्टर 12 की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शिविर में छात्रों को जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में पानीपत पुलिस की ओर से साइबर क्राइम के विरूद्ध और ट्रैफिक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की। हैड कांस्टेबल रेणु कुमारी ने विद्यार्थियों, टीचर्स व गैर शिक्षण स्टाफ को साइबर क्राइम से बचाव व ट्रैफिक नियमों की पालना के प्रति जागरूक किया।

### मोबाइल फोन छीनने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने दुकान से घर लौट रहे युवक से मोबाइल फोन छीनने वाले दो आरोपियों विक्रम पुत्र भिंडा निवासी गांव कुटानी जिला पानीपत व ईश्वर उर्फ बल्लू पुत्र तुलसीराम निवासी डाबर कॉलोनी, पानीपत को देशराज कॉलोनी में शमशान घाट के पास गिरफ्तार किया। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पर्स छीनने की वारदात बारे थाना तहसील कैंप में संदीप निवासी राकेश कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### सुरेंद्र धौला हो सकते है प्रत्याशी

**इसराना।** जेजेपी पानीपत जिलाध्यक्ष सुरेंद्र धौला निवासी गांव इसराना को पार्टी हाईकामन करनाल लोक-सभा से पार्टी के प्रत्याशी बना सकती है। धौला को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर जेजेपी हाईकमान ने पानीपत व करनाल जिला के जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं से बातचीत की है। धौला, डॉ. अजय चौटाला परिवार के नजदीकी है और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भी रह चुके हैं।

### खेतों से बिजली की दो मोटर चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखु निवासी किसान कुलदीप सिंह पुत्र समेर और राममेहर सिंह पुत्र रतन सिंह की खेतों में बनी ट्यूबवेलों से बिजली चलित मोटर चोरी हो गए। इससे पहले भी इस क्षेत्र के किसानों के खेतों से चोरी की वारदातें चलती रही। पीडित किसानों ने चोरी की शिकायत पुलिस से की है।

### राजकीय कॉलेज में विचार गोष्ठी

**इसराना।** राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना में राजनीति विज्ञान विभाग, महिला सेल, मतदाता पंजीकरण समिति एवं स्वामी विवेकानंद यूथ सेल के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय थे मतदान करना हमारा अधिकार भी एवं कर्त्तव्य भी एवं लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका था। यह कार्यक्रम कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर बलिंदर गुलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

### दमकल विभाग ने आग पर काबू पाने की दी ट्रेनिंग

**थानेसर।** दमकल विभाग कुरुक्षेत्र की तरफ से सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र के स्टाफ को आगजनी जैसे आपात स्थिति में आग पर काबू पाने की ट्रेनिंग दी गई। डॉ. अनुपमा सैनी एसएमओ पॉली क्लिनिक ने बताया कि दमकल विभाग कुरुक्षेत्र के मास्टर ट्रेनर फायरमैन गुरप्रीत सिंह ने आग के प्रकार व आग बुझाने के तरीकों के बारे में जानकारी देने के साथ ही अस्पताल स्टाफ को आग से बचने और बचाने की ट्रेनिंग दी। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की गाड़ी पहुंचने से पहले क्या-क्या सावधानियां बरत कर जान माल की रक्षा की जा सकती है। गुरप्रीत सिंह ने जागरूक करते हुए कहा की आम जन को आग से सावधान रहना चाहिए।

### 100 से अधिक पौधे रोपित करके हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन स्थापित किया

# पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार महाविद्यालयो के शिक्षको के लिए आदर्श है

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद कार्यरत ग्रीम मैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में हर्बल गार्डन व ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि पानीपत में नौ हर्बल गार्डन स्थापित करने के बाद प्राचार्य डॉ. हेमंत वर्मा के विशेष आग्रह पर अपने निजीकोष से राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में हर्बल गार्डन और ऑक्सीजन पार्क का निर्माण किया है। प्रिंसिपल हेमन्त वर्मा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए तभी हम प्रदूषण के लगातार बढ़ रहे स्तर को कम कर सकते हैं। प्रोफेसर दलजीत कुमार के अनुसार इस हर्बल गार्डन और ऑक्सीजन पार्क में छः प्रकार की तुलसी, दो प्रकार की इंसुलिन, तेजपत्ता, हींग, कड़ी-पत्ता, मल्टी स्पाइसी प्लांट्स, आंवला, एलोवेरा, हरड़, बहेड़ा, गूलर, काला बांसा, गिलोय, हारसिंगार, मोगरा, अंजीर सदाबहार, चम्पा, चमेली, सफेद आखा, रोजमैरी, इलाइची, ब्रह्मी, इसबगोल, केला, पुदीना अपराजिता, मोरिंगा, अनार,ईसबगोल, महुआ, अंगूर, लेमनग्रास, अजवाइन, गेंदा, स्नेकप्लांट, पत्थरचट आदि के 100 से अधिक पौधे रोपित करके हर्बल-ऑक्सीजन गार्डन स्थापित किया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि मैंने कोरोना महामारी को नजदीक से देखा है जिसमे करोड़ो भारतीयों ने इन आयुर्वेदिक पौधों व घर की रसोई से चीजे लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया था। बहुत सारे इनके अभाव में भी रहे। इसके साथ इतिहास का विद्यार्थी होने के नाते प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा व आयुर्वेदिक पौधे के महत्व को जन साधारण को जागरूक करने का काम कर रहा हूं। प्राचार्य डॉ. हेमंत वर्मा ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार महाविद्यालयो के शिक्षको के लिए आदर्श है जो लगातार निश्वार्थ भाव से महाविद्यालयों के साथ-साथ हर घर हर्बल- घर-घर हर्बल पहुंचा रहे है। राजकीय महाविद्यालय बरवाला, पंचकूला में बिना महाविद्यालय का पैसा खर्च किए हर्बल-गार्डन स्थापित करने के लिए प्रोफेसर दलजीत कुमार का आभार व्यक्त करते हुए प्राचीन भारतीय चिकित्सा संस्कृति और पर्यावरणीय संवर्द्धन की मुहिम की सम्पूर्ण सफलता की कामना करता हूँ। मैडम निशा ने कहा प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा स्थापित हर्बल गार्डन की देखरेख पूर्णतया की जाएगी। इस दौरान डॉ. अपर्णा, डॉ. सौभा, नवनीत, भगतसिंह व महाविद्यालय के माली मौजूद रहे।



पानीपत। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत हर्बल पौधे बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। मतदाता जागरूकता रैली निकाले हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- विद्यालय के सभी अध्यापकों ने जागरूकता रैली में भाग लिया

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज की देखरेख में जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने बताया कि शुक्रवार को पानीपत तहसील कैंप और बडौली गांव के विद्यार्थियों के साथ बीएलओ का कार्य देख रहे कर्मियों ने रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बच्चे हाथों में बैनर व तख्तियों लेकर रैली निकालते हुए क्षेत्र में घूमें। उन्होंने बताया कि जिले में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के सभी अध्यापकों ने भी इस जागरूकता रैली में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने तख्तियों पर मतदान संबंधी सलोग्न भी लिखें थे। राजकीय कॉलेज बड़ौली में सुपरवाइजर आरती सलुजा तथा बीएलओ दीपक कुमार व रेनू अत्री की अगुवाई में मतदान को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया।

## शहीदों के बच्चों को शिक्षित करेगा एईएसएल

- बच्चों को उनके आईएसीएसटी स्कोर के अलावा 10% की अतिरिक्त छूट दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनूप अग्रवाल ने कहा कि आकाश, शहीदों के बच्चों को ट्यूशन फीस में 100% तक की छूट प्रदान करेगा। इसी प्रकार, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों के बच्चों को उनके आईएसीएसटी स्कोर के अलावा 10% की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।



पानीपत। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के पदाधिकारीगण प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आईबी कॉलेज में 70 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया उपायुक्त ने शिविर का शुभारंभ किया

आईबी कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस और एनसीसी, लायंस क्लब एवं सिविल अस्पताल पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया उपायुक्त, पानीपत ने शिरकत कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव एल.एन मिगलानी, परमवीर ढींगड़ा, युधिष्ठिर मिगलानी और रवि गोसाई, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, यूथ रेड क्रॉस की संयोजिका प्रो. सोनिया, लायंस क्लब के प्रधान नितेश मित्तल और सदस्य सुभाष जैन, अतुल मित्तल, अश्वनी मित्तल, संजय गुप्ता, ज्योति नंदा व आशीष गुप्ता ने मुख्य अतिथि डीसी दहिया का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इधर, डीसी दहिया ने कहा कि रक्तदान एक पवित्र कार्य है, युवा वर्ग बिना किसी स्वार्थ के मानव की भलाई करें। अगर हमारे रक्त से किसी की जान बच सकती है तो हमें गर्व होना चाहिए कि हमने नेक काम किया है। वहीं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने कहा कि रक्त की कमी को केवल रक्तदान के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि युवा वर्ग को इसे एक मिशन के रूप में अपनाना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर को कई तरह के भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलते है। यूथ रेड क्रॉस की संयोजक प्रो. सोनिया ने कहा कि रक्तदान करके तीन से चार लोगों की जान बचा सकते है। किसी की जान बचाने की खुशी आत्म संतोष से भर देती है क्योंकि ऐसा करके आप खुद को ईश्वर के साथ जुड़ा हुआ अनुभव करते हैं। आईबी कॉलेज में 70 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। शिविर में डॉक्टर आनंद, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने शिरकत की और लेफ्टिनेंट राजेश और डॉ. जोगेश ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और आशीर्वाद दिया।



पानीपत। आईबी कॉलेज में रक्तदाताओं का हौसला बढाते हुए उपायुक्त वीरेंद्र दहिया आदि। फोटो : हरिभूमि

## परिश्रम ही इंसान की सफलता की कुंजीः रितु

- जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करो सफलता जरूर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी, संजय कॉलोनी स्थित डीसीएम स्कूल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वही, स्कूल प्रिंसिपल लक्ष्मी वशिष्ठ, शिक्षा विभाग से रिटायर्ड रामफल शास्त्री ने उनका स्वागत किया। नई कक्षा में आने वाले विद्यार्थियों को जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करो सफलता जरूर मिलेगी। इसके मद्देनजर हर बच्चे को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर परिश्रम करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इधर, स्कूल प्रिंसिपल लक्ष्मी वशिष्ठ ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चलाई गई योजनाए बच्चों के लिए कल्याणकारी साबित हो रही। वही, बाल भवन की सभी कार्यक्रम में उनके बच्चे भाग लेते है। जबकि बाल भवन में चल रही गतिविधियों का जिक्र करते हुए रितु राठी ने बताया कि बाल भवन में भवन में बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए गतिविधियां चलती रहती है, वही, ग्रीष्मकालीन शिविर निःशुल्क लगेगा, जिसमे बच्चें जुडो कराते डांस आर्ट एंड क्राफ्ट सीख सकते है। लड़कियों के लिए सिलाई सेंटर कढ़ाई ब्यूटी पार्लर के कोर्स उपलब्ध है।



पानीपत। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी, विद्यार्थियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## गेहूं खरीद को पानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया

- अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार ने रबी की फसलों की खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को पाानीपत अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने अनाज मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और फसल खरीद की व्यवस्था के सम्बंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि किसान मंडियों में अपनी उपज को सुखाकर ही बिक्री के लिए लाएं। एसडीएम मनदीप कुमार ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को कहा कि मंडी में किसानों की उपज की खरीद में किसी प्रकार की कोई अड़चन ना आने पाए, इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उनके साथ मार्केट कमेटी के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित रहे।



पानीपत। अनाज मंडी का दौरा करते हुए अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

## महर्षि कश्यप को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** दीनानाथ कॉलोनी स्थित कश्यप धर्मशाला में महर्षि कश्यप जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा नेता व हरियाणा सरकार में पूर्व चेयरमैन रघुनाथ कश्यप ने रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली । दोपहर में हवन कर महषि कश्यप और बाबा श्री कालू की मूर्ति स्थापना की गई। मुख्य अथिति कश्यप ने कहा कि हरियाणा में कश्यप समाज की संख्या बहुत बड़ी है। वहीं राजनीतिक रूप से कश्यप समाज को एक जुट होना होगा।

### विवाहिता को घर से निकाला

**पानीपत।** पानीपत के गांव बडौली में दहेज की मांग पूरी नहीं किए जाने पर सुसरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास-ससुर और दोनों ननदों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नांगल खेडी का मतदान केंद्र जांचा

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एसडीएम पानीपत एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के एआरओ मनदीप कुमार ने शुक्रवार को नांगल खेड़ी गांव में विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। एसडीएम मनदीप कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है।

## नारायण देवी की आंखें दान की

**पानीपत।** समाजसेवी 89 वर्षीय माता नारायण देवी शुक्रवार को देव लोक चली गई। वही, नारायण देवी के पुत्र भाजपा के वरिष्ठ नेता व लैय्या बरादरी के प्रधान गजेंद्र सलूजा ने भी सभी परिजनों से सलाह कर अपनी माता नारायण देवी के नेत्र दान कराए। नेत्रदान की प्रक्रिया में माधव नेत्र बैंक करनाल के मोहन ने जनसेवा दल पानीपत के सहयोग से नेत्र लिए जाने की प्रकिया पूर्ण की। जिसमें कृष्ण मनचंदा,चमन गुलाटी, कमल गुलाटी जी पूरी टीम ने सहयोगी भूमिका निभाई।

## भाजपा का विरोध करेगा संघ

- राज्य कमेटी के फैसले के अनुसार 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ब्लाकों की बैठक की जाएगी

पानीपत। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की पानीपत ब्लाक की बैठक उप प्रधान मंगल की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन ईश्वर शर्मा ने किया। जिला प्रधान बलवान सिंह व राज्य सदस्य सतबीर चालिया ने बताया कि राज्य कमेटी के फैसले के अनुसार 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक ब्लाकों की बैठक की जाएगी। जिसमें सभी सदस्यों को बताया जाएगा कि वह लोकसभा चुनावों में भाजपा की गलत नीतियों का विरोध करें। बैठक में सीताराम, रामभज शर्मा, ईश्वर शर्मा, रामकुमार शर्मा, प्रीतम सिंह, अशोक कुमार व कलीराम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। इनर व्हील क्लब के कैंप में मरीजों की आंखों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय मॉडल विद्यालय में ई कंटेंट डेवलपमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन

# ई कंटेंट डेवलपमेंट ट्रेनिंग से छात्रों का होता है बौद्धिक विकास

- इससे शिक्षक व छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

इसराना के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय ई कंटेंट डेवलपमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर कुलदीप दहिया ने कहा कि ट्रेनिंग से छात्रों के बौद्धिक विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है व शिक्षकों के पढ़ाने की दक्षता बढ़ती है। इससे शिक्षक व छात्र शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं। अध्यापक छात्रों को पढ़ाने के तरीकों को पढ़ने के रोचक बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कंटेंट के प्रशिक्षण से ऑडियो वीडियो व पाठ्य सामग्री के माध्यम से दूर दराज के क्षेत्र में स्थित स्कूलों में शिक्षा का दीया जलाया जा सकता है।। इससे पूर्व इस प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, डाइट प्रिंसिपल बिजेंद्र नरवाल व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने ट्रैनिंग कैंप में आए। शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ई कंटेंट के साथ सभी शिक्षकों को कर्म योगी की ट्रेनिंग मिली है। इसलिए विद्यालय में और समाज में छात्रों को नैतिक शिक्षा के तहत संस्कारित करना बहुत अनिवार्य है संस्कारों के साथ विद्यालय में पढ़ाई का अच्छा माहौल बनाने में विद्यालय और शिक्षक का संयुक्त भूमिका है। इसलिए सभी को संस्कारवान होना जरूरी है । सभी छात्रों को सामाजिक क्षेत्र में संस्कारों के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी जानी चाहिए। उन्होंने स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने और गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देने पर जोर दिया।



पानीपत। राजकीय मार्डन संस्कृति स्कूल में ट्रेनिंग कैंप में शिक्षणकण। फोटो : हरिभूमि

## इनर व्हील क्लब ने करवाई जरूरतमंदों की आंखों की फ्री सर्जरी

- कैंप की अध्यक्षता इनर व्हील क्लब की प्रधान डा. पूजा मेहंदीरत्ता ने की

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत द्वारा सालार जंग गेट के नजदीक बजाज आई सेंटर में फ्री आंखों की सर्जरी का कैंप लगाया गया। जिसमें इनर व्हील क्लब के सदस्यों के द्वारा निर्धन, असहाय व जरूरतमंद लोगों की आंखों की फ्री में सर्जरी कराई व फ्री में दवाइयां वितरित की। सर्जरी करने वाले डॉ.रवि बजाज और डा.वंदना बजाज ने बताया कि सभी नौ लोगों का ऑपरेशन सफल रहा और वह कुछ दिनों के बाद अच्छे से देख पाएंगे। कैंप की अध्यक्षता इनर व्हील क्लब की प्रधान डा. पूजा मेहंदीरत्ता ने की। उन्होंने कहा की इनर व्हील क्लब हमेशा गरीबों व समाज हित के लिए अग्रणी रहा है। इस अवसर पर डा.पूजा मेहंदीरत्ता, पीडीसी नीरू गुगलानी, पम्मी आहूजा, रंजू ढींगर आदि क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी स्मित पटेल बुसा को गिरफ्तार किया है। पीडित महिला ने 5 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 अगस्त 2023 से 29 अगस्त 2023 के दौरान आरोपी स्मित व अन्य द्वारा उसे माल न देने और पेमेंट ट्रांसफर करवाने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी पुरषोतम लाल व दो आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गांव धीन के गुरमेल सिंह ने 20 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 जून 2023 को गांव धीन में आरोपी पुरषोतम लाल सह आरोपियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है।

### कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी निर्देशानुसार जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रेली को विद्यालय के प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने व ब्रांच इंचार्ज रामबीर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्काउट मास्टर राजेश लांबा स्काउट्स टीम के साथ-साथ विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं के साथ बिशंभर नगर, लक्ष्मी नगर, राम नगर आदि कॉलोनियों में जाते हुए रोहतक रोड पर मतदान के प्रति लोगों को जागरुक किया। इस अवसर पर अजय मलिक, राजेंद्र, सुषमा, नरेश कुमारी, कुसुम आदि मौजूद रहे।

### जेबीटी अध्यापक कृष्ण कुमार को सम्मानित किया

**जींद ।** संपर्क फाउंडेशन द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला सैंथली में जेबीटी अध्यापक कृष्ण कुमार को 2023-24 के लिए संपूर्ण भारत वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टीचर 2023-24 घोषित किया गया है। कृष्ण कुमार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंट देकर सम्मानि किया गया। इस अवसर पर आरपीएसएस जिला प्रधान जितेंद्र बैनिवाल, अमित मिश्रा जिला संयोजक संपर्क व अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में महिला गायब, मामला दर्ज


**जींद ।** गांव काकडौद से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव काकडौद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 24 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। उचाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सगाई पर ही 1.10 करोड़ खर्च होने का दावा

# लुधियाना में दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का केस, परिवहन मंत्री व उनकी पत्नी का जिक्र

विवाहिता ने पति पर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए, पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पंजाब के लुधियाना में दर्ज हुए एक केस में प्रदेश के परिवहन मंत्री असीम गोयल के नाम का जिक्र हुआ है। दहेज उत्पीड़न के इस केस में पुलिस ने मंत्री के पार्टनर अरविंद अग्रवाल व उसके बेटे हिमांशु अग्रवाल समेत परिवार के कई सदस्यों को आरोपी बनाया है। लुधियाना के महिला थाने में दर्ज हुए इस केस में विवाहिता ने अपने पति हिमांशु अग्रवाल पर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपियों में पति हिमांशु अग्रवाल ससुर अरविंद अग्रवाल उर्फ लक्की सास संगीता अग्रवाल, ननद मेहर अग्रवाल, चाचा ससुर सचिन अग्रवाल, चाची सास नीशू अग्रवाल को भी नामजद किया गया है। दरअसल लुधियाना के मॉडल टाउन की रहने वाली दीक्षा ठुकराल ने पुलिस को दी शिकायत बताया कि 13 अगस्त 2021 को उसकी शादी अंबाला शहर के हिमांशु अग्रवाल से हुई थी। यह शादी रॉयल आर्चिड मंसूरी उत्तराखंड में हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई थी। उसने बताया कि शादी में ससुरालियों की सभी मांगों को पूरा किया गया था। शादी से पहले 6 जुलाई 2021 को दोनों परिवारों की लुधियाना के होटल हयात रिजेंसी में मीटिंग हुई। जहां हिमांशु के साथ मंत्री असीम गोयल भी आए थे। दीक्षा मामा डॉ. अतुल और अमित के साथ आई। हिमांशु ने उसे उसे पसंद करते हुए कहा था कि शादी के बाद वह उसे खुश रखेगा। तब उसने यह कहा था कि असीम गोयल भी उसके पिता के समान हैं। दीक्षा ने शिकायत में कहा कि परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अपने राजनैतिक कद का रौब जमाते हुए भरोसा दिलाया कि यह परिवार नेक है। शादी के बाद उसे कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे घर में महिलाएं घर का काम नहीं करती। उन्हें बाहर काम करने की पूरी आजादी है। जिसके बाद रिश्ता पक्का कर दिया गया। इसके बाद सगाई की तारीख 11 जुलाई 2021 तय कर दी गई। ससुरालियों के कहे अनुसार पंचकूला में एम-1 डेस्टिनेशन बुक कराया गया। ससुरालियों ने कहा कि इसमें कोई कमी नहीं होनी चाहिए। असीम गोयल और उनकी पत्नी नीलू गोयल ने भी कहा कि कार्यक्रम में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। फंक्शन की सजावट तक उन्होंने अपने आदमियों से कराया और हमें सिर्फ पैसे तैयार रखने को कहा।

11 जुलाई 2021 को सगाई हुई। इसमें 500-600 लोग शामिल हुए। लड़की वालों के सिर्फ 45-50 ही व्यक्ति थे। दीक्षा ने कहा कि आरोपियों ने उन्हें पहले ही कहा कि यहां आईएएस, आईपीएस व कई बड़ी राजनैतिक हस्तियां आएंगी। उनके लिए महंगे तोहफों का बंदोबस्त करने की बात कही गई। दीक्षा की मानें तो सगाई पर ही उनका 1.10 करोड़ रुपए का खर्च हुआ था।

### एक लाख की दी ड्रेस

पूरे कार्यक्रम में खुलकर खर्च करने के बावजूद ससुरालिए खुश नहीं हुए। कहा कि एमएलए असीम गोयल और उनकी पत्नी नीलू गोयल खुश नहीं है। इसके बाद उन्होंने असीम व उनकी पत्नी समेत सभी को खाने पर बुलाया। उन्हें 1.51 लाख रुपया कैश दिया गया। नीलू को 1 लाख की ड्रेस दी। दोनों को एक लाख के गिफ्ट भी दिए गए। सगाई के बाद असीम गोयल और अरविंद अग्रवाल ने उन्हें अंबाला बुलाया। यहां उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग की मांग रखी। उनकी मांग पर मंसूरी में शादी रख ली गई। 12 अगस्त से 14 अगस्त के लिए सारे कमरे बुक किए गए। दीक्षा के मुताबिक 4 दिन वहां शराब, हुक्का, मुजरा और मॉडल के प्रोग्राम कराए गए। इसके बाद शादी हुई। शादी के पहले दिन ही उससे घर का काम कराया जाने लगा। रिश्तेदारों के सामने नाचकर दिखाने का दबाव बनाया। मना करने पर पति हिमांशु ने उसकी पीठ पर मुक्के मारे। सुबह 3 बजे जगाकर सबके लिए चाय बनाने को कहा जाता था। उससे नौकरों की तरह काम करवाया गया। पति हिमांशु दबाव बनाने के लिए कुछ ही दिन बाद असीम गोयल से बात करवाने लगा। असीम रौब डालते हुए कहते थे कि हिमांशु नाराज नहीं होना चाहिए। इसके बाद हनीमून के लिए मालदीव रवाना हुए। यहां हिमांशु ने उसे जलील किया। होटल स्टाफ के सामने गालियां निकाली। दीक्षा ने हिमांशु पर दहेज उत्पीड़न क साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के साथ कई आरोप लगाए। इसी आधार पर यह केस दर्ज हुआ है।



नारायणगढ़। महिला चौपाल के दौरान मौजूद महिलाएं।

## बिना किसी डर के अपने मतदान का इस्तेमाल करें महिलाएं

- महिला चौपाल के दौरान महिलाओं को मतदान के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

नामदेव मंदिर में महिलाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला चौपाल का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सर्कल सुपरवाइजर सोनम द्वारा महिलाओं को मतदान के प्रति जानकारी देते हुए कहा कि वे बिना किसी डर/भय या दबाव के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अपने विवेक से करे। इस दौरान लोकसभा चुनाव में मतदान करने से संबंधित शपथ भी दिलाई गई। चुनाव कार्यालय से नीलम ने महिलाओं को बताया कि लोकसभा आम चुनाव में 25 मई को मतदान होगा। उस दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। प्रजापिता ब्रह्नाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आई बहनों ने नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया। खंड समन्वक पूजा द्वारा जल संरक्षण करने बारे कहा गया। महिलाओं को पानी का इस्तेमाल ध्यान से करने बारे व पानी बर्बाद न करने बारे भी जागरूक किया गया । वित्तीय साक्षरता केंद्र से अनुराधा द्वारा बैंक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। सुपरवाइजर सोनम द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी व पोषाहार बारे जानकारी भी दी गई। महिला चौपाल में महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कि किशोरी लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया। जो महिलाएं व लड़कियां प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहीं उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित रही।

### लूट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी वीरेंद्र उर्फ बाबू को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। हरगोबिंदपुरा के कंवलजीत ने 17 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी कि चार/पांच नौजवान लडकों ने उसके घर मे घुसकर नकदी, गहने व एक मोबाईल फोन लूट कर ले गए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब एक आरोपी को काबू किया है।

## डीएवी स्कूल में नए शिक्षा सत्र का आगाज

- शिक्षकों के साथ छात्रों ने डाली हवन यज्ञ में आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ में आहुतियां डालते शिक्षक व छात्र।

मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में सत्र 2024-25 का शुभारंभ वैदिक हवन यज्ञ के वेद मंत्रों द्वारा किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूर्णाहुति अर्पित की व ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी नए विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित वैदिक हवन यज्ञ में यज्ञ ब्रह्मा पंडित मनोज शास्त्री ने सभी विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा द्वारा उन्हें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। प्रातः की प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राधा रमण सूरी ने सभी विद्यार्थियों का इस नए सत्र में अभिनंदन करते हुए न केवल विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया बल्कि कठिन परिश्रम को जीवन में आत्मसात करने की भी प्रेरणा दी । प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि परिश्रम का कोई और विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने विश्वास दिलाया की मुरलीधर डीएवी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है। सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय के मैनेजर डॉक्टर विवेक कोहली व अध्यक्ष जस्टिस प्रीतम पाल ने सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों व अध्यापकों को शुभकामनाओं का संदेश भेजा।

## छात्रों ने नशा न करने की ली शपथ

- राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



मुलाना। नशा न करने की शपथ लेते हुए छात्र।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इस कड़ी में एमएम विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो की अंबाला यूनिट के जागरूकता कार्यक्रम में उप निरीक्षक राजेश कुमार वा सह उप निरीक्षक फूलकुमार हेड कांस्टेबल गुरमेल सिंह ने छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक किया। उप निरीक्षक राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के प्रारम्भ होने से लेकर उसके परिणाम तक की कहानी विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो सबसे पहले हमारी मां हमें सेवन के लिए देती। जो वस्तु मां ने हमें सेवन के लिए नहीं दी, पिता ने खाने पीने को नहीं कहा, वह हमारे लिए विष के समान है। विभिन्न उदाहरण द्वारा उन्होंने प्रतिबंधित नशे के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इनका उत्पादन, सेवन, क्रय विक्रय और तस्करी नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। सरकार द्वारा वर्ष 2020 में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन इस आशय से ही किया गया है ताकि हरियाणा राज्य को ड्रग फ्री किया जा सके। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन करते हुए कहा कि इस पर नशा तस्करों की गुप्त सूचनाएं दी जा सकती हैं। नशे की लत में पड़ चुके लोग भी इस पर सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में कहा कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बहुत अधिक उपयोगी सिद्ध होगा। डॉ. सुनायना खुराना ने ब्यूरो के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए।

## 25 हजार के ईनामी बदमाश को किया काबू

- दोहरे हत्याकांड में पुलिस को थी तलाश
- रिमांड के बाद आरोपि को जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए टू ने 25 हजार रूपये के इनामी आरोपी दीपक उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया है। अब रिमांड के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

इस मामले में संलिप्त 13 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 20 जनवरी 2022 को थाना महेशनगर क्षेत्र कैंट जगाधरी रोड़ डीएवी रिवर साइड स्कूल के सामने कार में सवार आरोपियों द्वारा मोहित राणा व विशाल भोला गाड़ी सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी।

फायरिंग में मोहित राणा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था जबकि विशाल भोला की उपचार के बाद मौत हो गई थी। इस दोहरे हत्याकांड की जांच के लिए एसपी की ओर से सीआईए वन, टू के साथ कई जांच टीमों को जांच की जिम्मेदारी दी गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त 13 आरोपियों को काबू कर चुकी है।

## बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को जरुरी निर्देश, सभी तटबंधों का अफसर करें निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- एडीसी ने डिजास्टर मैनेजमेंट टीम की तैयारियों का लिया जायजा, जरुरी निर्देश भी दिए

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने शुक्रवार को पंचायत भवन के सभागार में बाढ़ प्रबंधन के तहत जिला प्रशासन एवं डिजास्टर मैनेजमेंट टीम की तैयारियों का जायजा लिया ।इस दौरान टीम को जरुरी निर्देश भी दिए गए। एडीसी अपराजिता ने बैठक के दौरान बाढ़ प्रबंधन के तहत एजेंडे में रखे बिन्दूवार विस्तार से समीक्षा की। पिछले वर्ष अम्बाला में बाढ़ के चलते जिन क्षेत्रों में जलभराव एवं अन्य समस्याएं उत्पन्न हुई थी, उनको दूर करने के तहत क्या कार्य किए जा कार्यों की भी जानकारी हासिल की। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि बाढ़ प्रबंधन के तहत वह अपने क्षेत्रों में मीटिंग लेकर इस पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। बाढ़ के दौरान यदि लोगों को जिन सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा सकता है, वहां पर जलभराव न हों, ऐसी सभी बातों का ध्यान रखते हुए कार्य करें। बाढ़ प्रबन्धन के तहत सिंचाई विभाग द्वारा जो तटबंध बनाए हुए हैं उनका भी निरीक्षण किया जाए। स्टोरेज की व्यवस्था के साथ-साथ पंपिंग सेटों की व्यवस्था, पुलियों का निरीक्षण, वार्निंग सिस्टम, तार घर,फ्लड कंट्रोल रूम आदि विषयों पर भी जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डिजास्टर मैनेजमेंट द्वारा बाढ़ के समय जो उपकरण उपलब्ध रहते हैं उसकी भी जानकारी ली। एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने क्षेत्रों में जो पुलियां हैं, उनकी समय-समय पर सफाई करवाना सुनिश्चित करें। बिजली निगम के अधिकारियों से बाढ़ के समय में जो क्षेत्र प्रभावित हुए थे, जिसमें धूलकोट, बरनाला, चौड़मस्तपुर, इंडस्ट्री एरिया, सद्दोपुर पॉवर हाउस आदि की भी जानकारी ली। बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह ने अतिरिक्त उपायुक्त को बताया कि चौडमस्तपुर में बाढ़ के चलते जो पावर स्टेशन प्रभावित हुआ था।

## एसबीआई से रिटायर्ड महिला के खाते से 5.18 लाख की ठगी

- आईडी चेंज करने के लिए कस्टमर केयर पर की थी कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड महिला कर्मचारी के साथ 5.18 लाख रुपए की ठगी हो गई। महिला ने ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजमेंट सिस्टम की आईडी चेंज करने के लिए कस्टमर केयर के पास कॉल की थी। शातिर ठग ने कॉल करके महिला को अपनी बातों में उलझाया और महिला का बैंक खाता खाली कर दिया। अंबाला शहर के मोती नगर की रहने वाली नीलम रानी ने बताया कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड है। 8 मार्च को वह अपने घर पर थी। उसने अपनी एचआरएमएस की आईडी बदलनी थी। उसने अपने नंबर से कस्टमर केयर नंबर पर कॉल की लेकिन उसकी बात नहीं हुई। उसी समय उसके नंबर पर अलग-अलग नंबर से कॉल और मैसेज आए। महिला ने बताया कि शातिर ठग ने उनसे पहले समस्या पूछी, उसके बाद कहा कि हम आपकी मदद कर देते हैं। शातिर ठग ने उसे बातों में उलझाकर फोन का एक्सेस ले लिया। उसके खाते से 5 लाख रुपए की एफडी तोड़कर 5 लाख कैश और उसके खाते से 18,400 रुपए निकाल लिए। उसने अपने रिश्तेदार को इसकी जानकारी दी।रिश्तेदार ने बताया कि आपके खाते से 5 लाख 18 हजार 400 रुपए निकल चुके हैं। उसने डायल 1930 पर भी कॉल करके खुद के साथ हुई ठगी की जानकारी दी।

### हत्या के प्रयास में पांच आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ बीरू, किशोरी लाल, शुभम उर्फ काका, शुभम व जोनी सोनकर को गिरफ्तार किया है। दीना की मंडी के चंद्रशेखर ने 13 सितंबर 2018 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी भोपा, जगदीश, अमन, गौरव, सौरव, वीरू, शिवा, काका, विकेश, शिवा, भैरों, दलीप, गप्पू, राहुल व अन्य ने रात्रि को उसे पत्थरों, डंडों व लाठी से पीटा था। इस दौरान आरोपियों ने पिस्टल से गोली मार कर उसकी हत्या करने का प्रयास कर जान से मारने की धमकी भी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### स्नेचिंग के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी अंकुश कुमार ने बतलाया कि महेश कुमार उर्फ मेशु भी इस मामले में संलिप्त है।

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी महेश कुमार उर्फ मेशु को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी अंकुश कुमार ने बतलाया कि महेश कुमार उर्फ मेशु भी इस मामले में संलिप्त है। पीडित महिला ने 8 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दो नौजवान लडकों ने वीटा प्लांट अम्बाला शहर के पास से उसका पर्स छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## रेल हादसा होने पर बचाव कार्यों में हुई रिहर्सल

# रेलवे विभाग ने स्टेशन यार्ड में की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। मॉक ड्रिल में हिस्सा लेते हुए कर्मचारी।

रेलवे विभाग द्वारा शुक्रवार को अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन यार्ड के नजदीक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम, रेलवे सेफ्टी डिपार्टमेंट, स्टेट डिजास्टर टीम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ-साथ अन्य रेस्क्यू टीमों द्वारा मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया गया।

रेलवे के डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि एनडीआरएफ के साथ-साथ अन्य रेस्क्यू टीमों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि यदि कहीं पर रेलवे हादसा होता है तो उस समय यात्रियों को बचाने के लिए जो कार्य किये जा सकते हैं, उसे यहां पर किया गया। सभी ने बेहतर कार्य किए। रेल हादसे के दौरान जब कोई घायल हो जाता है, तो उसे मेडिकल सुविधा के लिए कैसे ले जाना है, ट्रेन से उसे कैसे बाहर निकालना है और किन-किन उपकरणों का उस समय प्रयोग करना है, ऐसी सभी गतिविधियां यहा पर दर्शाई गई। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो भी टीमें इस कार्य के लिए होती हैं। उन्हें अपने कार्यों की जानकारी रहती है। वह मौके की स्थिति के तहत अपने कार्यों को करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लाने का कार्य करती है। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ-7, 14, रेलवे सेफ्टी टीम, रेस्क्यू टीम, स्टेट डिजास्टर टीम, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, एसडीएम कार्यालय, हेल्थ विभाग, रेड क्रास सोसायटी के साथ-साथ अन्य टीमों ने भाग लिया।

इस मौके पर एडीआरएम हनुमान प्रताप, डीएसओ विलियमजीत सिंह, एडीएसओ महकार सिंह, अधीक्षक राम, एनडीआरएफ से देवेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर टीम कमांडर संदीप रावल, इंस्पेक्टर रणजीत मिश्रा, इंस्पेक्टर दीपक, एसआई जय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।